दैनिक भास्कर

बीकानेर 29-04-2022

इस दौर में हर व्यक्ति को तकनीकी दृष्टि से अपडेट रहना जरूरी : डीसी

स्टार्टअप प्रोत्साहन के लिए कार्यशाला हुई

बीकानेर | सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से उद्यमी विद्यार्थियों, महिला स्वयं सहायता समूहों और उभरते स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को यूआईटी सभागार में संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में हर व्यक्ति को तकनीकी दृष्टि से अपडेट रहना जरूरी है। उन्होंने नवीन आइडिया के साथ आई स्टार्ट प्रोग्राम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला का शुभारंभ विभाग के आयुक्त संदेश नायक के संदेश से हुआ। उन्होंने आई स्टार्ट के बारे में जानकारी देते हुए युवाओं को इससे जुड़ते हुए कॅरिअर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में भाग ले रहे 200 से अधिक प्रतिभागियों को दो सत्रों में आई स्टार्ट प्रोग्राम के बारे में बताया गया। पहले सत्र में स्टार्टअप, उद्यमी विद्यार्थियों को आई स्टार्ट मेंटर्स के बारे में बताया। विभाग के संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कार्यशाला में 'बीकानेर में उभरते स्टार्टअप नव विचारों को सही दिशा कैसे प्रदान की जाए' विषयक पर पैनल चर्चा हुई।